आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



महानवमी

बर्ष :12 अंक :283 पृष्ठ -4 दिनांक 11 अक्टूबर 2024 दिन शुक्रवार

# सीएम योगी मुख्यमंत्री को पाप लगेगा, मैं नवरात्रि की पूजा नहीं कर पाया- अखिलेश यादव

## राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दावा किया है कि नवरात्रि के मौके पर वह पूजा नहीं कर पाए.

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि आज नवरात्रि की नवमी को मैं पूजा नहीं कर पाया. मुख्यमंत्री को इसका पाप लगेगा. उन्होंने सपा कार्यकर्ताओं से की एक संक्षिप्त वार्ता में कहा कि आप में से कई लोग कुछ पूजा कर के आए होंगे. त्योहार के दिन ये हो रहा है यूपी में. खुद पूजा कर रहे हैं और हमें नहीं करने दिया. मैं खुद पूजा नहीं कर पाया. इसका पाप सीएम योगी आदित्यनाथ को लगेगा.अखिलेश यादव ने कहा कि मैं सभी साथियों का धन्यवाद करता हूं जिन्होंने आज सड़क पर निकलकर साथ दिया. इस संघर्ष को हम जारी रखेंगे. श्रच्छप्ष्ठ को मॉर्डन तरीके से हमने बनवाया था. इंडिया हैबिटैट सेंटर से भी अच्छा बनता. अखिलेश ने आरोप लगाया कि बीजेपी के लोग लोकतंत्र को खत्म करने वाले है. दो साल बाद तो अपने को बचाने के लिये टिन शेड लगाना पड़ेगा.एक नई क्रांति पैदा करनी पड़ेगी–शिवपालउधर, राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने कहा, ष्आज जयप्रकाश नारायण की जयंती के अवसर



पर समाजवादी पार्टी के लोग उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करना चाहते हैं. भाजपा की सरकार और उनके सारे अधिकारी उस पर दमन चक्र चला रहे हैं. हम इसकी निंदा करते हैं. भाजपा के लोग पूर्वजनों का सम्मान नहीं होने दे रहे हैं. भाजपा तानाशाही के रास्ते पर जा रही है. जयप्रकाश नारायण ने जिस तरह से संपूर्ण क्रांति का नारा दिया था उसी तरह से समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं को भाजपा को हटाने की एक नई क्रांति पैदा करनी पड़ेगी.वहीं यूपी भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा नियमों को तोड़ना, कानून को अपने हाथों में लेना समाजवादी पार्टी की संस्कृति बन चुका है. लखनऊ विकास प्राधिकरण ने सुरक्षा कारणों से उस स्थान को किसी के भी आने–जाने से प्रतिबंधित किया हुआ है. अखिलेश यादव स्वयं बड़े नेता हैं और उत्तर प्रदेश जैसे राज्य के मुख्यमंत्री रह चुके हैं. उनका ये प्रयास केवल मीडिया की खबरों में स्थान बनाने के लिए है. समाजवादी पार्टी मार्ग से भटक चुकी है और आज जिस प्रकार से अपराधियों को, माफियाओं को और असामाजिक काम करने वालों को संरक्षण देना सपा की पहचान बन चुकी है. निश्चित रूप से यह उनका(अखिलेश यादव) राजनीतिक फैसला है. प्रदेश और देश की जनता सब जानती है.

### डेढ़ करोड़ के चक्कर में हुई लोन एजेंट की हत्या, पुलिस का चौंकाने वाला खुलासा, 3 दोस्त गिरफ्तार



ग्रेटर नोएडा की दादरी थाना पुलिस ने लोन एजेंट की हत्या मामले का सनसनीखेज खुलासा किया है. जहां डेढ़ करोड़ रुपये के विवाद में तीन दोस्तों ने मिलकर अपने ही दोस्त को मौत के घाट उतार दिया और शव को हायर कंपनी के पास सड़क पर फेंककर फरार हो गे. पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. उनके पास से 20 हजार रुपये, एक पाना, वारदात में इस्तेमाल एक वैगन आर और एक क्रेटा कार बरामद की है. 7 अक्टूबर को थाना दादरी क्षेत्रान्तर्गत हायर गोल चक्कर के पास पुलिस को अज्ञात शव मिलने की सूचना मिली थी. जिसके बाद पुलिस अधिकारियों ने फील्ड यूनिट व डॉग स्कवाड टीम के साथ मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का दौरा किया. मृतक की शिनाख्त अमित कुमार निवासी थाना क्षेत्र बिसरख के रूप मे हुई. उसकी पत्नी के द्वारा इस मामले में बिसरख थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी. लोन एजेंट की हत्या का खुलासा डीसीपी ग्रेटर नोएडा साद मिया खान ने बताया कि घटना के अनावरण के लिए पुलिस की टीमें लगाई थी, जिन्होंने आ. सपास लगे 200 सीसीटीवी फुटेज की जांच की जिसमें दो गाडियां वैगन आर व क्रेटा टेम्परेरी नम्बर पाई गई. इन कारों से दो लगा उतरते हुए दिखाई दिए. सीसीटीवी फुटेज व फोटो के आधार पर दोनो संदिग्धों की पहचान मृतक के साथ कम्पनी मे काम करने वाले सचिन तंवर व रमेश उर्फ रामा के रूप मे हुई. पुलिस ने जब जांच आगे बढ़ाई तो इनके दो अन्य साथी हिमांशु व ओमप्रकाश के नाम भी सामने आए. जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इनमें से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने जब उनसे सख्ती से पूछताछ की तो पूरे मामले का खुलासा हो गया. पुलिस के मुताबिक चारों आरोपी मृतक अमित कुमार के साथ काम करते थे. ये सभी मिलकर कमीशन का लालच देकर फर्जी ग्राहक बनाकर उनके आधार कार्ड लेकर आधार कार्ड में पता व मोबाइल नंबर बदलवाकर फर्जी पे स्लिप के आधार पर बैंक में खाता खुलवाकर बैंक से फर्जी लोन स्वीकृत करा लेते थे, जिसके बाद लोन पास होने पर उसका कमीशन आपस में बांट लेते थे. लेकिन, अमित ने कई लोन में उनका हिस्सा नहीं दिया. ये रुपया करीब डेढ़ करोड़ रुपये था. जिसके बाद उन्होंने मिलकर उसे मारने का प्लान बनाया. तीन आरोपी गिरफ्तारयोजना के तहत आरोपियों ने 6 अक्टूबर की रात अमित को केबी नोज ग्रीन सोसाइटी बिसरख के पास बुलवाया. अमित काले रंग की क्रेटा कार से आया था. चारों आरोपी वेगनआर कार में उसका इंतजार कर रहे थे. अमित के आने पर चारों क्रेटा कार में बैठ गए जिसके बाद पैसों को लेकर उनमें विवाद हो गया. जिसके बाद चारों ने कार में ही लोहे के पंच व पाने से पीट–पीट कर उसकी हत्या कर दी और शव को 15 किलोमीटर दूर दादरी थाना क्षेत्र में हायर कंपनी के पास फेंक दिया. पुलिस ने इस मामले में सचिन तंवर,हिमांशु और ओमप्रकाश तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है जबकि चौथा आरोपी रमेश उर्फ रामा अब भी पुलिस की गिरफ्त से फरार है. पुलिस इनके आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच कर रही है.

## ग्रेटर नोएडा चाय की दुकान पर बना था प्लान, कैश कलेक्शन एजेंट से लूट का 48 घंटे में खुलासा



ग्रेटर नोएडा की थाना बीटा 2 पुलिस व स्वॉत की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए कैश कलेक्शन एजेंट से लूट का खुलासा किया है. पुलिस ने इस मामले में 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. इनके पास से लूट का सारा 7.84 लाख रुपये 48 घंटे में बरामद कर लिए गए हैं. साथ ही लूट की घटना में इस्तेमाल कार और अवैध हथियार को भी बरामद कर लिया गया है. बता दें कि 7 अक्टूबर को पी–3 गोल चक्कर के सर्विस रोड से रेडिएंट कम्पनी के कैश कलेक्शन एजेंट से करीब आठ लाख रुपये का कैश लूट लिया गया था. इस मामले में थाना बीटा–2 पर अज्ञात आई–10 कार सवार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया. पुलिस ने इस मामले की जांच के लिए थाना बीटा–2 और स्वात टीम की अलग–अलग टीमें गठित की गई थी.पुलिस ने 48 घंटे में किया लूट का खुलासा जांच के दौरान पुलिस ने आने–जाने वाले रास्तों पर लगे करीब 250 से भी अधिक सीसीटीवी फुटेज की जांच की जिसके बाद 48 घंटे में घटना का खुलासा कर दिया. इस बारे में जानकारी देते हुए डीसीपी साद मिया खान ने बताया कि 7 अक्टूबर को दोपहर 1.10 बजे रेडिएन्ट कम्पनीवेनिस मॉल में कैश कलेक्शन का काम करने वाला एजेंट पी–3 सर्विस रोड से जा रहा था. तभी आरोपी रामकिशोर, सचिन और सुमित चोरी की आई–10 कार से उसकी मोटर साइकिल में टक्कर मार दी. जिससे एजेंट गिर गया. एजेंट के नीचे गिरते ही आरोपी उसके कंधे पर लटके बैग को छीनकर फरार हो गए. जिसमें वादी का आधार कार्ड, पैन कार्ड की छाया प्रतियां मौजूद थी.पुलिस ने बताया कि इनमें से एक आरोपी रामकिशोर ग्रैंड वेनिस मॉल के गेट नंबर 5 के सामने चाय की दुकान करता है. कलेक्शन एजेंट अक्सर उसकी दुकानपर बैठकर चाय पिया करता था. इसी दौरान उसे पता चला कि पीड़ित कैश कलेक्शन का काम करता है. इसके बाराम किशोर ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर चाय की दुकान पर ही बैठकर लूट की पूरी योजना बनाई और इसके लिए पहले रेकी भी की. जब एजेंट द्वारा कैश कलेक्शन करके लाया जा रहा था आरोपी ने अपने साथियों को फोन करबुला लिया और उसका कैश से भरा बैग छीनकर भाग गए. पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियोंको गिरफतारकर लिया है.बाकियों की तलाश की जा रही है.




**आवश्यकता है**

हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र **जननायक सम्राट** के लिये जिला ब्यूरो चीफ, मण्डल ब्यूरो चीफ,ब्लॉक ब्यूरो एंव संवाददाता की आवश्यकता है।

सम्पर्क करें –
**अमित कुमार वर्मा**
सम्पादक करें
मो:8218049162,8273402499

**जननायक सम्राट**
हिन्दी साप्ताहिक

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिटिंगप्रेस,अचलताल, अलीगढ से मुद्रित कराकर कार्यालय सरोज नगर ,गली नम्बर 5, अलीगढ से प्रकाशित

सम्पादक
**अमित कुमार वर्मा**

सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा।

### शाहजहांपुर जेल ने पेश की . अनोखी मिसाल, नवरात्रि में 29 . मुस्लिम कैदियों ने भी रखा व्रत

उत्तर प्रदेश का शाहजहांपुर अमर शहीद अशफाक उल्ला खान और रामप्रसाद बिस्मिल की धरती है. यहां गंगा जमुनी तहजीब की हवा सालों से बहती आ रही है. इस कड़ी में शाहजहांपुर की जिला जेल में 29 मुस्लिम बंदियों ने नवरात्रि का व्रत रख रखा है. सां. प्रदायिक सद्भाव की इससे बड़ी मिसाल कहीं नहीं हो सकती. मुस्लिम कैदियों द्वारा नवरात्रि व्रत रखे जाने की खूब चर्चा हो रही है. शाहजहांपुर जिला कारागार में सभी जाति एवं संप्रदाय के लोग पूर्ण सद्भाव के साथ नवरात्रि का त्यौहार मना रहे हैं. हिंदू संप्रदाय के पुरुष एवं महिला बंदी पूर्ण भक्ति भाव के साथ नवरात्रि व्रत रखे हुए हैं और इसके साथ ही अन्य संप्रदाय के लोग उनका पूर्ण सहयोग कर रहे हैं. दिलचस्प बात है कि सिर्फ हिंदू ही नहीं बल्कि मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी नवरात्रि व्रत किया है.मुस्लिम बंदियों ने भी रखा नवरात्रि का व्रतइस बारे में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने कहा कि उनका कहना था कि दुनिया में हर इंसान का एक ही भगवान है. हम अपने विश्वास और चलन के अनुसार उनके अलग–अलग रूप मानकर उनकी पूजा करते हैं. हम इसी सर्व धर्म सम्भाव एवं एक ही शक्ति की मान्यता के आधार पर नवरात्रि का व्रत रखे हुए हैं.जेल में जिन 29 मुस्लिम बंदियों ने नवरात्रि व्रत किया है उनके नाम हैं– मोहम्मद रजी, दानिश, लड्डन, जहीर, मो. हम्मद दाऊद, कामिल बसीम, वकील, शाहिद साद अली, जीशान, मुख्तार इरशाद, तैयब, शान मोहम्मद, मुश्ताक, रुखसार, लड्डन, सहरोज, जबर शेर, अबरार, सद्दाम, रुखसार, कबीर, इरशाद अली, वारिस, सज्जाद मोहम्मद सलीम और इमरान. इस बार कारागार में 200 से ज्यादा कैदियों ने नवरात्रि व्रत किया है. जिसमें 17 महिला बंदी भी शामिल हैं. नवरात्रि के सुबह शाम पूजा के भी इंतजाम किए गए हैं. जेल में पूजा–भजन कीर्तन की आवाज आती रहती है. संपूर्ण जेल में इन दिनों भक्ति का वातावरण हैं. व्रत रखने वाले कैदियों के लिए व्रत के भोजन का भी इंतजाम किया गया है. जिसमें हरेक बंदी को 750 ग्राम उबला हुआ आलू, आधा किलो दूध एवं 50 ग्राम चीनी उपलब्ध कराई गई है. जेल में पूजा पाठ के लिए भजन की किताबें, पूजा की सामग्री और वाद्य यंत्र उपलब्ध कराए गए हैं. उन्होंने जेल में देवी–देवताओं की तस्वीरें भी दी है ताकि वो अपना त्योहार मना सकें.

# दिल्ली का रावण दहन होगा खास, लव कुश रामलीला का हिस्सा बनेंगे

## रोहित शेट्टी के साथ अजय देवगन और करीना कपूर को रामलीला समिति ने न्योता दिया



सिंघम अगेन फिल्म के कलाकार इस बार दिल्ली की मशहूर लव कुश रामलीला का हिस्सा बनेंगे. 12 अक्टूबर को लव कुश रामलीला में रावण दहन के लिए अजय देवगन, रोहित शेट्टी और करीना कपूर को आमंत्रित किया गया है. रामलीला समिति के अध्यक्ष अर्जुन कुमार ने जानकारी दी है. उन्होंने बताया कि सभी कलाकारों ने अपनी उपस्थिति की सहमति दे दी है. 12 अक्टूबर को सिंघम अगेन फिल्म के कलाकार लव कुश रामलीला में रावण का वध करेंगे. बता दें कि इस साल दिल्ली में 600 से भी अधिक रामलीलाओं का आयोजन हो रहा है. लाल किला ग्राउंड में आयोजित लव कुश रामलीला सबसे बड़ा और भव्य बताया जा रहा है.रामलीला में कई नेता और अभिनेता विभिन्न किरदारों में नजर आते हैं. मनोज तिवारी से लेकर बृजेश गोयल तक कई नेता मंच पर अपनी भूमिका निभा चुके हैं. इस बार रामलीला में रावण का किरदार टीवी के मशहूर खलनायक निमाई बलि निभा रहे हैं. वहीं, राम का किरदार बड़े पर्दे के अभिनेता हिमांशु सोनी और सीता का किरदार समीक्षा भटनागर निभा रही हैं. हर साल लव कुश रामलीला में रावण दहन के लिए बड़े कलाकारों को आमंत्रित किया जाता है.दिल्ली का रावण दहन इस बार क्यों होगा खास?इससे पहले कंगना रनौत और अक्षय कुमार जैसे सितारे शामिल हो चुके हैं. दिल्ली का लव कुश रामलीला हर साल लाखों दर्शकों को आकर्षित करता है. रामलीला समिति के अध्यक्ष अर्जुन कुमार ने बताया कि 12 अक्टूबर को



सिंघम अगेन के कलाकार लव कुश रामलीला मेंरावण का वध करेंगे और बुराइयों पर अच्छाई की जीत को स्थापित करेंगे. गौरतलब है कि सिंघम अगेन के ट्रेलर ने इंटरनेट पर धूम मचा दी है. अब फिल्म के रिलीज होने का शिद्दत से इंतजार किया जा रहा है. समीक्षक फिल्म के बंपर कमाई का अनुमान लगा रहे हैं.

## दिल्ली में खाकी पर दाग! 50 हजार रिश्वत लेने के आरोप में कांस्टेबल गिरफ्तार, किसकी शिकायत पर हुई कार्रवाई

दिल्ली में आये दिन यह सुनने को मिलता है कि पुलिस वाले बिना पैसा लिए कोई काम नहीं करते हैं, लेकिन नियमों से परे जाकर वसंत कुंज इलाके की हाउसवाइफ से 50 हजार रुपये रिश्वत मांगना एक कांस्टेबल को महंगा पड़ गया. दिल्ली पुलिस की सतर्कता शाखा (विजिलेंस ब्रांच) ने इस मामले की प्रारंभिक जांच के बाद आरोपी कांस्टेबल को गिरफ्तार कर लिया. दरअसल, वसंत कुंज इलाके की महिला (हाउसवाइफ) ने दिल्ली पुलिस की सतर्कता शाखा से पुलिस हेल्पलाइन पर एक शिकायत की थी. महिला ने अपनी शिकायत में बताया था कि एक कांस्टेबल ने रंगपुरी पहाड़ी इलाके में निर्माण कार्य जारी रखने के लिए उससे 50 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की है. कांस्टेबल रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तारदिल्ली पुलिस उपायुक्त (सतर्कता) अन्येश रॉय ने गुरुवार (10 अक्टूबर) को बताया कि कांस्टेबल अमित को एक गृहिणी द्वारा 9 अक्टूबर को सतर्कता हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद गिरफ्तार किया गया है. डीसीपी के अनुसार महिला की शिकायत की पुष्टि करने के बाद सतर्कता शाखा की टीम ने जाल बिछाया.

आरोपी कांस्टेबल ने रिश्वत की पहली किस्त के लिए जो जगह मुकर्रर की, वहां पर पहले से ही सादी वर्दी में विजिलेंस की टीम तैनात हो गई. फिर, महिला द्वारा वहां पहुंचकर रिश्वत देते वक्त घात लगाकर बैठे विजिलेंस टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया. डीसीपी रॉय ने कहा कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम



और भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है. विजिलेंस टीम अब इस बात का भी पता लगा रही है कि रिश्वत के इस खेल में और कौन–कौन शामिल है. इस बीच आरोपी कांस्टेबल को राउज एवेन्यू स्थित विशेष अदालत में पेश किया गया, जहां से अदालत ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया.

## अरविंद केजरीवाल ने लोगों को दीं नवरात्रि की शुभकामनाएं, जानें क्या कहा?

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार (11 अक्टूबर) को महानवमी के अवसर पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दी है. दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने एक्स पोस्ट पर लिखा, शारदीय नवरात्रि की महानवमी के पावन अवसर पर सभी देशवासियों को अनंत मंगलकामनाएं. माँ दुर्गा की कृपा से आपके जीवन में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहे. जय माता दी.शारदीय नवरात्रि की महानवमी के पावन अवसर पर सभी देशवासियों को अनंत मंगलकामनाएँ। माँ दुर्गा की कृपा से आपके जीवन में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहे। जय माता दीमां दुर्गा सभी की करें मनोकामनाएं पूरींदिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने भी महानवमी पावन पर्व के अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी है. उन्होंने कहा है कि मां दुर्गा सभी की मनोकामनाएं पूरी करें.आज दशहरा पर्व का नौवां दिन है. इस महानवमी कहते हैं. नवरात्रि के नौवें दिन माता सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है.



माता दुर्गा का यह स्वरूप सिद्ध और मोक्ष देने वाला होता है. मां दुर्गा के इस रूप को सिद्धिदात्री कहा जाता है. इनकी पूजा अर्चना करने से सभी कार्य सिद्ध होते हैं. सिद्धिदात्री की पूजा से मोक्ष की भी प्राप्ति होती है.

कई पौराणिक कहानियों के अनुसार भग. वान शिव को देवी सिद्धिदात्री से ही सिद्धियां प्राप्त हुई थीं. कैसे होती है पूजा? मां लक्ष्मी की तरह कमल के फूल पर बैठी मां सिद्धिदात्री के हाथों में कमल, गदा, सुदर्शन चक्र और शंख होता है. इस दिन नवाहन का प्रसाद, नौ तरह के फल और फूलों से मां की पूजा की जाती है. सिद्धिदात्री देवी को विद्या और कला की देवी सरस्वती का भी रूप माना जाता है.

### पड़ोस के युवक से था पत्नी का अफेयर, बोली छोड़ कर चली जाउंगी, सुनते ही पति ने कर दिया काम तमाम

पूर्वी चंपारण जिले के लखौरा थाना क्षेत्र के झिटकहिया गांव में पत्नी के किसी और से रिश्ते से तंग आकर पति ने धारदार हथियार से प्रहार कर उसकी हत्या कर दी. घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने हत्यारे को गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है. जांच में पता चला की महिला संजू देवी से उसकी शादी 15 साल पहले हुई थी, लेकिन कुछ महीने पहले पत्नी का पड़ोस के किसी लड़के के साथ प्रेम संबंध बन गया था. पत्नी के अफेयर से परेशान था पतिबताया जाता है कि महिला का पति लखौरा थाना क्षेत्र के झिटकहिया गांव निवासी संतोष सहनी अपनी पत्नी से परेशान था, इसी बीच उसने बुधवार की देर संध्या पत्नी की हत्या कर दी. दोनों की शादी करीब 15 साल पहले हुई थी, तब सब ठीक ठाक चल रहा था. इधर कुछ दिनों से पत्नी की बातचीत पड़ोस के युवक से होने लगी. पति संतोष सहनी ने कई बार हस्तक्षेप करना चाहा, लेकिन प्यार तो प्यार होता है एक दूसरे पर फिदा पत्नी और पड़ोसी युवक का हमेशा मिलना पति के लिए मुश्किलें बढ़ती जा रही थी. वहीं पति संतोष सहनी ने गिरफ्तारी के बाद बताया कि पड़ोस के युवक से मिलकर आई पत्नी को जब मना किया तो बोली उसी युवक से अब शादी करना है. ये घर और बच्चे सब छोड़ चले जाएंगे. इस पर उसे गुस्सा आ गया और घर में रखे दाबिला से पत्नी के गर्दन पर प्रहार कर दिया और पत्नी संजू देवी की मौत हो गई. अब हमें चिंता सता रही बच्चे का पालन पोषण कौन करेगा.मामले की जांच में जुटी पुलिघटना के सिल. सिले में लखौरा थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के झिटकहिया गांव के संतोष सहनी ने अपनी 35 वर्षीय पत्नी की दाबिला से प्रहार कर गर्दन काट हत्या कर दी है. घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच कर पति को गिरफ्तार कर लिया गया है. वही हत्या में प्रयुक्त दबिला जब्त कर लिया गया है. शव को मोतिहारी सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है.

## किसान दुर्घटना बीमा की पत्रावली जांच में लेखपाल ने लिए 100000 :की रिश्वत

बदायूं जिले की बिसौली तहसील से बड़ी खबर सामने आ रही है बिसौली तहसील के गांव आसफपुर में तैनात हल्का लेखपाल राहुल कुमार पर किसान दुर्घटना बीमा की पत्रावली पर जांच रिपोर्ट लगाने के बदले एक लाख रुपए की रिश्वत मांगने का गंभीर मामला सामने आया है, आसफपुर निवासी जगतपाल पुत्र सुखलाल ने जिले के डीएम् तथा बिसौली एसडीएम को एक शिकायती पत्र भेज कर हल्का लेखपाल राहुल कुमार पर पत्रावली पर जांच रिपोर्ट लगाने के बदले एक लाख रुपए की रिश्वत मांगने का आरोप लगाते हुए, रिश्वतखोर लेखपाल के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है, पत्र में कहा गया है कि उनके पुत्र की बीते साल सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी, जिसके लिए सड़क दुर्घटना बीमा तथा किसान दुर्घटना बीमा के लाभ को जिलाधिकारी के यहां प्रार्थना पत्र दिया था, जिलाधिकारी के निर्देश पर बिसौली तहसील से घटना की जांच कराने को पत्रावली भेजी गई थी, एसडीएम के निद. 'श पर इस मामले की जांच कराने को हल्का लेखपाल राहुल कुमार को नामित किया गया है, शिकायतकर्ता जगतपाल ने पत्र में कहा है कि पत्रावली पर जांच रिपोर्ट लगाने के लिए हल्का लेखपाल उनसे एक लाख रुपए की मांग कर रहा है, पत्र में कहा गया है कि लेखपाल रिश्वत की आधी रकम पहले तथा आधी रकम काम होने के बाद लेने की बात कह रहा है , इससे पहले भी यही हल्का लेखपाल आसफपुर निवासी प्रभाकर शर्मा से खेत का नक्शा देने के बदले 500६ रुपए की रिश्वत ले चुका है, जिसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल तथा जिले के डीएम से की गई थी, कोई कार्यवाही नही होने से आरोपी तथा रिश्वतखोर लेखपाल के हौसले बुलंद हैं, शिकायतकर्ता ने भ्रष्ट लेखपाल के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने की मांग करते हुए, शासन से मिलने वाली राहत राशि दिलाने की मांग की है,बदायूं जिले की बिसौली तहसील से बड़ी खबर सामने आ रही है बिसौली तहसील के गांव आ. सफपुर में तैनात हल्का लेखपाल राहुल कुमार पर किसान दुर्घटना बीमा की पत्रावली पर जांच रिपोर्ट लगाने के बदले एक लाख रुपए की रिश्वत मांगने का गंभीर मामला सामने आया है आ. सफपुर निवासी जगतपाल पुत्र सुखलाल ने जिले के डीएम् तथा बिसौली एसडीएम को एक शिकायती पत्र भेज कर हल्का लेखपाल राहुल कुमार पर पत्रावली पर जांच रिपोर्ट लगाने के बदले एक लाख रुपए की रिश्वत मांगने का आरोप लगाते हुए, रिश्वतखोर लेखपाल के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है, पत्र में कहा गया है कि उनके पुत्र की बीते साल सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी, जिसके लिए सड़क दुर्घटना बीमा तथा किसान दुर्घटना बीमा के लाभ को जिलाधिकारी के यहां प्रार्थना पत्र दिया था, जिलाधिकारी के निर्देश पर बिसौली तहसील से घटना की जांच कराने को पत्रावली भेजी गई थी, एसडीएम के निर्देश पर इस मामले की जांच कराने को हल्का लेखपाल राहुल कुमार को नामित किया गया है, शिकायतकर्ता जगतपाल ने पत्र में कहा है कि पत्रावली पर जांच रिपोर्ट लगाने के लिए हल्का लेखपाल उनसे एक लाख रुपए की मांग कर रहा है, पत्र में कहा गया है कि लेखपाल रिश्वत की आधी रकम पहले तथा आधी रकम काम होने के बाद लेने की बात कह रहा है , इससे पहले भी यही हल्का लेखपाल आ. सफपुर निवासी प्रभाकर शर्मा से खेत का नक्शा देने के बदले 500६ रुपए की रिश्वत ले चुका है, जिसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल तथा जिले के डीएम से की गई थी, कोई कार्यवाही नही होने से आरोपी तथा रिश्वतखोर लेखपाल के हौसले बुलंद हैं, शिकायतकर्ता ने भ्रष्ट लेखपाल के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने की मांग करते हुए, शासन से मिलने वाली राहत राशि दिलाने की मांग की है,बदायूं जिले की बिसौली तहसील से बड़ी खबर सामने आ रही है बिसौली तहसील के गांव आसफपुर में तैनात हल्का लेखपाल राहुल कुमार पर किसान दुर्घटना बीमा की पत्रावली पर जांच रिपोर्ट लगाने के बदले एक लाख रुपए की रिश्वत मांगने का गंभीर मामला सामने आया है,आसफपुर निवासी जगतपाल पुत्र सुखलाल ने जिले के डीएम् तथा बिसौली एसडीएम को एक शिकायती पत्र भेज कर हल्का लेखपाल राहुल कुमार पर पत्रावली पर जांच रिपोर्ट लगाने के बदले एक लाख रुपए की रिश्वत मांगने का आरोप लगाते हुए, रिश्वतखोर लेखपाल के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है, पत्र में कहा गया है कि उनके पुत्र की बीते साल सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी, जिसके लिए सड़क दुर्घटना बीमा तथा किसान दुर्घटना बीमा के लाभ को जिलाधिकारी के यहां प्रार्थना पत्र दिया था, जिलाधिकारी के निर्देश पर बिसौली तहसील से घटना की जांच कराने को पत्रावली भेजी गई थी, एसडीएम के निद. 'श पर इस मामले की जांच कराने को हल्का लेखपाल राहुल कुमार को नामित किया गया है, शिकायतकर्ता जगतपाल ने पत्र में कहा है कि पत्रावली पर जांच रिपोर्ट लगाने के लिए हल्का लेखपाल उनसे एक लाख रुपए की मांग कर रहा है, पत्र में कहा गया है कि लेखपाल रिश्वत की आधी रकम पहले तथा आधी रकम काम होने के बाद लेने की बात कह रहा है , इससे पहले भी यही हल्का लेखपाल आसफपुर निवासी प्रभाकर शर्मा से खेत का नक्शा देने के बदले 500६ रुपए की रिश्वत ले चुका है, जिसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल तथा जिले के डीएम से की गई थी, कोई कार्यवाही नही होने से आरोपी तथा रिश्वतखोर लेखपाल के हौसले बुलंद हैं, शिकायतकर्ता ने भ्रष्ट लेखपाल के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने की मांग करते हुए, शासन से मिलने वाली राहत राशि दिलाने की मांग की है,

हिमांशु उपाध्याय की खबर

# दुर्गाष्टमी के पावन पर्व पर हवन आरती का हुआ आयोजन



अलीगढ़ प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री सिद्धपीठ माता चिन्तपूर्णी देवी व मनकामेश्वर महादेव चित्रगुप्त मंदिर, न्यू आर के पुरम, आगरा रोड, अलीगढ़ में दुर्गाष्टमी के पावन पर्व पर हवन और आरती का आयोजन किया गया। आचार्य यश भारद्वाज ने विधि विधान से हवन पूजन संपन्न कराया। कार्यक्रम का संच. ालन अभिषेक सक्सैना सनातनी ने किया। मंदिर समिति की अध्यक्ष राजरानी सक्सैना ने कहा कि मंदिर में लगभग 350 वर्ष पुराना एक पीपल का वृक्ष है जिसके नीचे शिव परिवार के विग्रह स्थापित हैं, सनातन धर्म में मान्यता होती है कि यदि कोई जातक पीपल के वृक्ष के नीचे स्थापित शिवलिंग की पूजा अर्चना करता है तो उसे सभी भौतिक सुख–सुविधाओं की प्राप्ति होती है। मंदिर समिति के महामंत्रीध्सेवक प्रमोद कुमार सक्सैना ने बताया कि यह मंदिर लगभग 21 वर्ष पुराना है। माता चिन्तपूर्णी देवी के दरबार में मनवांछित फलों की प्राप्ति होती है। स्थानीय निवासियों ने कहा कि मन्दिर में आने पर अपार शांति और आनंद का अनुभव होता है। कॉलोनी में मंदिर की स्थापना होने के बाद से छोटे–छोटे बच्चे भी मिलजुलकर प्रतिदिन बड़े श्रद्धा भाव से भगवान के विग्रहों की सेवा करते हैं। मंदिर में माँ दुर्गा, महाकाली, माँ सरस्वती, शिव परिवार, श्रीराम दरबार, श्रीराधाकृष्ण, हनुमानजी, चित्रगुप्त जी, शनिदेव जी, जाहरवीर बाबा एवं भैरों बाबा के विग्रह विराजमान हैं। प्रत्येक वर्ष 14 अप्रैल को मंदिर के स्थापना दिवस के अवसर पर मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली जाती है एवं सभी धार्मिक पर्व भी बड़ी धूमधाम से मनाए जाते हैं। सावन के पावन माह में हर हर महादेव के जयकारे लगाते शिवभक्तों की अपार भीड़ मंदिर में देखने को मिलती है। इस वर्ष हवन, आरती के अवसर पर लगभग 150 भक्तों की भीड़ उप. स्थित रही।

## रामलीला में 11 अक्टूबर के कार्यक्रम

**अलीगढ़** की श्रीरामलीला गौशाला कमेटी द्वारा शहर के अचल ताल स्थित रामलीला ग्राउंड पर 104वां श्री रामलीला महोत्सव 2024 का आयोजन किया जा रहा है। रामलीला मंचन 26 सितंबर से 14 अक्टूबर तक है। रामलीला में आज के यह हैं कार्यक्रम... कुम्भकर्ण वध, मेघनादवध,सुलोचना सती ,अहिरावण वध

## अलीगढ़ में कल्याण सिंह के गांव मढ़ोली पर ग्रामीणों ने किया हंगामा, चार दिन से लापता है युवक

अतरौली के गांव मढ़ोली निवासी विशाल के चार दिन से न मिलने पर गुस्साए परिजन और ग्रामीणों ने रामघाट कल्याण मार्ग पर 11 अक. टूबर को जाम लगा दिया। लोगों ने जमकर हंगामा कर नारेबाजी की। पुलिस ने गुस्साए लोगों को समझाकर जाम खुलवाने का प्रयास किया। जाम से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। लोगों ने पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। दो घंटे बाद जाम खुला।

## कृष्णलीला में दशावतार . लीला का हुआ मंचन

आगरा रोड स्थित चिंरजीलाल इंटर कॉलेज में चल रहे श्रीकृष्ण लीला महोत्सव में बृहस्पतिवार को हुई रासलीला में दशावतार लीला का मंचन हुआ। कलाकारों ने लीला मंचन में दिखाया कि श्रीकृष्ण अपने सखाओं के साथ ब्रह्मांड घाट पर खेलने के लिए जाते हैं। श्रीकृष्ण वहां मिट्टी खाते हैं। यशोदा माता श्रीकृष्ण का मुख खोलकर देखती हैं तो श्रीकृष्ण यहां थोड़ी देर के लिए अपनी ऐश्वर्य लीला दिखा देते हैं और माता को अपने मुख में ब्रह्मांड का दर्शन करा देते हैं। अतिथि वीरेंद्रनाथ, धनपाल कावेरी ने ठाकुर जी का पूजन किया। आयोजन में प्रेम प्रकाश माहेश्वरी, रामजीलाल, कालीचरण, देवेंद्र गांधी, ख्यालीराम, पवन शर्मा, जुगल किशोर, मधुर राठी, डॉ. गोविंद माहेश्वरी आदि का सहयोग रहा।

## रुपये दोगुना करने का लालच देकर ठगे 18.96 लाख, गुजरात के युवक पर मुकदमा दर्ज

**अलीगढ़** रोपी ने पहले अलग–अलग नंबरों से उनके मोबाइल पर संपर्क किया। उसके बाद उनके एसबीआई बैंक खाते से पैसे अपने खाते में डलवाने को कहा। बताया कि पैसे कुछ ही दिन में दोगुने करके वापस कर देगा। उन्होंने सिद्धांत सुरेश चंदन की बातों पर विश्वास कर अलग–अलग खातों से 18,96,700 रुपये जमा कर दिए।साइबर ठगों ने रुपये दोगुना करने का लालच देकर युवक से 18.96 लाख रुपये ठग लिए। मामले में महुआ खेड़ा के रामघाट रोड, 38वीं वाहिनी पीएसी के पास रहने वाले डॉ. करुणेश प्रसाद सिंह ने न्यायालय के आदेश पर सिद्धांत सुरेश चंदन निवासी ई–404, शिलालेख फ्लैट अपोजिट पुलिस स्टेशन साही बाग, अहमदाबाद (गुजरात) के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।उन्होंने बताया कि आरोपी ने पहले अलग–अलग नंबरों से उनके मोबाइल पर संपर्क किया। उसके बाद उनके एसबीआई बैंक खाते से पैसे अपने खाते में डलवाने को कहा। बताया कि पैसे कुछ ही दिन में दोगुने करके वापस कर देगा। उन्होंने सिद्धांत सुरेश चंदन की बातों पर विश्वास कर अलग–अलग खातों से 18,96,700 रुपये जमा कर दिए।आरोप है

कि उन्होंने सिद्धांत सुरेश चंदन से कई बार संपर्क कर कहा कि मेरे पैसे दोगुने कर दो या धनराशि वापस कर दो।

जिस पर सिद्धांत सुरेश चंदन ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया और अपना मोबाइल नंबर भी बंद कर लिया। इसके बाद कानूनी नोटिस भी भेजा गया, लेकिन उसका कोई जवाब नहीं आया। आरोपी ने कई लोगों के साथ इसी तरह की ठगी की है।

## कारोबारी ने जमा कराया 10 लाख टैक्स




**अलीगढ़** मामू भांजा बाजार में राधा रानी इंटरप्राइजेज पर हुई छापामार कार्रवाई में बृहस्पतिवार को फर्म संचालक ने विभाग को 10 लाख रुपये टैक्स जमा कराया है। विभाग द्वारा संचालक को नोटिस सौंप दिया गया है। अभी आगे की कार्रवाई जारी है। मामू भांजा बाजार में राधा रानी इंटरप्राइजेज पर बुधवार को एसआईबी ने छापा मारा था। टीम को देखकर बाजार में अफरा–तफरी सी मच गई थी। कई दुकानदार शटर बंद कर भाग गए थे। डीसी एसआईबी अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि व्यापारी के प्रतिष्ठान और गोदाम से मिले दस्तावेजों की जांच की जा रही है। खरीद–बिक्री के बिल संदिग्ध पाए गए थे। व्यापारी की बीफा जांच की गई थी। व्यापारी के खरीद और बिक्री में गड़बड़ी पाई गई है। इस मामले में संचालक को नोटिस जारी कर दिया गया है। फिलहाल व्यापारी ने 10 लाख टैक्स जमा कराया है। कर चोरी का पूरा आकलन किया जा रहा है।


## करवा चौथ-दिवाली खरीदारीरू महिलाओं को भा रहे काफ्तान सूट व कोर्ड सेट, खूब हो रही परिधानों की बिक्री

नवरात्र के दिनों को खरीदारी के लिए शुभ माना जाता है। यही कारण है कि नवरात्र से ही महिलाएं करवा चौथ और दिवाली के अलावा सहालग के लिए भी कपड़ों की खरीदारी शुरू कर देती हैं।शारदीय नवरात्र के दिनों में महिलाएं करवा चौथ और दिवाली के लिए परिधानों की खरीदारी कर रही हैं। इस वर्ष नवरात्र में महिलाओं को काफ्तान सूट तो युवतियों को कोर्ड सेट खूब भा रहे हैं। लंबे लांचों की भी खूब बिक्री हो रही है।नवरात्र के दिनों को खरीदारी के लिए शुभ माना जाता है। यही कारण है कि नवरात्र से ही महिलाएं करवा चौथ और दिवाली के अलावा सहालग के लिए भी कपड़ों की खरीदारी शुरू कर देती हैं। इन्हीं दिनों में हर साल नई फैशन के परिधान बाजार में आते हैं। इस साल महिलाओं के लिए बाजार में काफ्तान सूट आए हैं। इनकी काफी मांग है। इसके अलावा परंपरागत परिधानों से हटकर कोर्ड सेट भी युवतियों को काफी लुभा रहे हैं। शहर की कई दुकानों पर डांडिया व करवा चौथ के लिए स्पेशल लहंगे भी आए हैं। करीब एक हजार रुपये से लेकर पांच हजार रुपये तक के लहंगे बाजार में



उपलब्ध हैं। इसके साथ इस साल बाजार में लंबे लांचों की कई वैरायटी भी उपलब्ध हैं। महिलाएं इनकी खरीदारी में काफी दिलचस्पी दिखा रही हैं।इस साल महिलाओं के लिए लंबे लांचों के साथ करवा चौथ व डांडिया स्पेशल ड्रेस अहमदाबाद से आई हैं। फिलहाल आगरा व दिल्ली के बाजारों में बिक रहे काफ्तान सूट की भी मांग अच्छी है।–संजय अग्रवाल, संचालक कपड़ा शोरूम। हम इस साल करवा चौथ व दिवाली के लिए ड्रेस खरीद रहे हैं। इनमें सबसे बेहतर काफ्तान सूट है। इसके साथ ही लंबे लांचे की डिजायन भी बाजार में मिल रही हैं। फिलहाल हमने डांडिया व करवा चौथ के लिए दो ड्रेस खरीदी हैं।

## अलीगढ़ आने की ख्वाहिश रह गई अधूरी रतन टाटा को मानद उपाधि देना चाहता था एएमयू...नहीं आ सके



एएमयू ने दीक्षांत समारोह के लिए जो तिथि तय की थी, उसमें पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम और उद्योगपति अजीम प्रेमजी आने के लिए राजी हो गए थे। लेकिन, रतन टाटा ने विनम्रता के साथ समारोह में आने के लिए इन्कार कर दिया था। क्योंकि, उन्होंने उस तिथि में किसी और कार्यक्रम में जाने लिए पहले से वादा कर रखा था।दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा की अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) में आने की ख्वाहिश अधूरी रह गई। एएमयू प्रशासन उन्हें मानद उपाधि देना चाहता था। इसके लिए उन्हें बतौर विशिष्ट अतिथि आमंत्रित किया गया था। वह खुद भी इस तालिमी मरकज को देखना चाहते थे। इसके लिए वह काफी उत्साहित भी थे। लेकिन पहले से तय एक कार्यक्रम में उनकी व्यस्तता के कारण वह अलीगढ़ आ नहीं सके थे।दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा की अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) में आने की ख्वाहिश अधूरी रह गई। एएमयू प्रशासन उन्हें मानद उपाधि देना चाहता था। इसके लिए उन्हें बतौर विशिष्ट अतिथि आमंत्रित किया गया था। वह खुद भी इस तालिमी मरकज को देखना चाहते थे। इसके लिए वह काफी उत्साहित भी थे। लेकिन पहले से तय एक कार्यक्रम में उनकी व्यस्तता के कारण वह अलीगढ़ आ नहीं सके थे।2008 में दीक्षांत समारोह में एएमयू रतन टाटा को मानद उपाधि देना चाहता था। रतन टाटा ने भी विशिष्ट अतिथि के रूप में आने की सहमति दे दी थी, लेकिन उनके दिए जा रहे वक्त से समारोह की तारीख मेल नहीं खा रही थी। 18 जून 2008 को दीक्षांत समारोह के लिए तत्कालीन कुलपति प्रो. पीके अब्दुल अजीज ने मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम, विशिष्ट अतिथि के तौर पर उद्योगपति रतन टाटा और उद्योगपति अजीम प्रेमजी को दावतनामा भेजा था। सभी ने अपनी सहमति दे दी थी।यूनिवर्सिटी ने दीक्षांत समारोह के लिए जो तिथि तय की थी, उसमें पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम और उद्योगपति अजीम प्रेमजी आने के लिए राजी हो गए थे। लेकिन, रतन टाटा ने विनम्रता के साथ समारोह में आने के लिए इन्कार कर दिया था। क्योंकि, उन्होंने उस तिथि में किसी और कार्यक्रम में जाने लिए पहले से वादा कर रखा था। इसके बाद उन्हें आमंत्रित करने का संयोग नहीं बन पाया। कार को आम लोगों तक पहुंचाने की उनकी सोच से प्रभावित होकर दिया था निमंत्रण एएमयू के पीआरओ रहे डॉ. राहत अबरार ने बताया कि वर्ष 2008 में नैनो टाटा कार बाजार में टाटा समूह ने उतारी थी। जिसे लखटकिया कहते थे। कार को आम आदमी तक पहुंचाने की उनकी सोच से विश्वविद्यालय प्रशासन काफी प्रभावित हुआ था। इसलिए उनको दीक्षांत समारोह के लिए आमंत्रित किया गया था। मगर वह व्यस्तता के कारण आ नहीं पाए थे।समारोह में पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम और अजीम प्रेमजी को डी.एससी (डॉक्टर ऑफ साइंस) मानद उपाधि प्रदान की गई थी। उधर, टाटा संस के चेयरमैन नटराजन चंद्रशेखरन को नवंबर 2021 में ऑनलाइन दीक्षांत समारोह में एएमयू ने आमंत्रित किया था, उन्हें मानद उपाधि भी प्रदान की गई थी।

## दुष्कर्म के मामले में युवक को 20 साल की सजा



थाना अतरौली क्षेत्र की सात साल की किशोरी से दुष्कर्म के मामले में अदालत ने युवक को दोषी करार देते हुए 20 साल की सजा सुनाई है। एडीजे पॉक्सो सुरेंद्र मोहन सहाय की अदालत ने युवक पर 51 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जिसमें 40 हजार रुपये पीड़िता को देने के लिए कहा है। देने के लिए कहा है। विशेष लोक अभियोजक महेश सिंह ने बताया कि 30 मार्च को अतरौली क्षेत्र के एक गांव की किशोरी के पिता ने तहरीर दी थी। उन्होंने बताया कि उनकी सात साल की बेटी रात करीब साढ़े आठ बजे पास में ही दुकान पर टॉफी लेने गई थी। जहां धर्मेंद्र उर्फ धुरेंद्र ने किशोरी को अपने घर की दूसरी मंजिल के कमरे में ले जाकर दुष्कर्म किया। करीब नौ बजे आरोपी उसे घर से यह कहते हुए छोड़ गया। कि वह सीढ़ी से गिर गई है। सुबह किशोरी ने घटना के बारे में घरवालों को जानकारी दी। पुलिस ने धर्मेंद्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने मामले में चार्जशीट लगाते हुए न्यायालय में दाखिल किया गया। जहां 18 जुलाई को आरोप तय किया गया। इसके बाद वादी, पीड़िता, चिकित्सक, मुंशी, विवेचक की गवाही हुई। अदालत ने साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर धर्मेंद्र को दोषी मानते हुए उसे 20 साल की सजा सुनाई है।

# हफ्ते के आखिरी सेशन में गिरावट के साथ क्लोज हुआ सेंसेक्स-निफ्टी, फार्मा-आईटी स्टॉक्स में रही रौनक



हफ्ते के आखिरी कारोबारी सत्र में भारतीय शेयर बाजार मुनाफावसूली के चलते गिरावट के साथ क्लोज हुआ है. हालांकि आईटी और फार्मा स्टॉक्स में शानदार खरीदारी देखने को मिली है. मिडकैप औरस्मॉलकैप स्टॉक्स में रौनक रही. आज का कारोबार खत्म होने पर बीएसई सेंसेक्स 230 अंकों की गिरावट के साथ 81,381 अंकों और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 34 अंकों की गिरावट के साथ 24,964 अंकों पर क्लोज हुआ है. सेक्टरोल अपडेट आज के ट्रेड में आईटी, फार्मा, एफएमसीजी, मेटल्स, मीडिया, एनर्जी, इंफ्रा कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, हेल्थकेयर और ऑयल एंड गैस सेक्टर के शेयर्स तेजी के साथ बंद हुए. जबकि बैंकिंग ऑटो, रियल एस्टेट सेक्टर के शेयर्स गिरकर बंद हुए. आज के कारोबार में निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स और निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स तेजी के साथ क्लोज हुआ है. चढ़ने–गिरने वाले स्टॉक्स आज के कारोबार में सेंसेक्स के 30 शेयरों में 21 स्टॉक्स तेजी के साथ और 9 गिरकर बंद हुए. जबकि 13 शेयरों में गिरावट रही. निफ्टी के 50 शेयरों में 28 तेजी के साथ जबकि 22 गिरकर बंद हुए. तेजी वाले शेयरों में एचसीएल टेक 1.70 फीसदी, टेक महिंद्रा 1.57 फीसदी, एचयूएल 1.02 फीसदी, इंफोसिस 0.83 फीसदी, टाइटन 0.79 फीसदी, सन फार्मा 0.72 फीसदी, टाटा स्टील 0.66 फीसदी, एल एंड टी 0.64 फीसदी,एसबीआई 0.38 फीसदी के उछाल के साथ बंद हुआ है. गिरने वाले शेयरों में टीसीएस 1.84 फीसदी, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.83 फीसदी, आईसीआईस. ीआई बैंक 1.64 फीसदी, मारुति सुजुकी 1.30 फीसदी, पावर ग्रिड 1.30 फीसदी, एक्सिसबैंक 0.80 फीसदी अडानी पोर्ट्स 0.74फीसदी, एशियन पेंट्स 0.72 फीसदी की गिरावट के साथ क्लो हुआ है. मार्केट कैप में मामूली उछाल सेंसेक्स–निफ्टी में गिरावट के बा. वजूद मिडकैप और स्मॉलकैपशेयरों में खरीदारी के चलते मार्केट कैप मामूली उछाल के साथ बंद हुआ है. बीएसई पर लिस्टेड स्टॉक्स का मार्केट कैप 462.29 लाख करोड़ रुपये पर बंद हुआ है जो पिछला कारोबारी सत्र में 462 लाख करोड़ रुपये रहा था. यानि आज के ट्रेड में मार्केट कैप में 29000 करोड़ का उछाल देखने को मिला है.

## नोएल टाटा ने पूरी दुनिया में टाटा ग्रुप को फैलाया, इन जम्मेदारियों को बखूबी संभाला



रतन टाटा के दुनिया से विदा ले लेने के बाद अब टाटा ट्रस्ट के अगले चेयरमैन उनके सौतेले भाई नोएल टाटा को चुना गया है. इससे पहले उनका नाम उस दौरान चर्चा में आया था, जब टाटा संस का नया मुखिया चुना जा रहा था. हालांकि, बाद में टाटा संस की कमान साइरस मिस्त्री के हाथ में चली गई थी. इस बार नवल टाटा और सिमोन टाटा के बेटे नोएल टाटा को आखिरकार यह सम्मान मिल गया. ये जिम्मेदारियां संभालते हैं नोएल टाटा वह टाटा इंटरनेशनल लिमिटेड के चेयरमैन की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं. चार दशकों में उन्होंने कई इंटरनेशनल कंपनियों को टाटा ग्रुप में शामिल करने में अहम भ. ूमिका निभाई है. वह ट्रेंट , वोल्टास और टाटा इन. वेस्टमेंट कॉर्पोरेशन के चेयरमैन हैं. साथ ही टाटा स्टील और टाइटन कंपनी के वाइस चेयरमैन भी हैं. इसके अलावा वह सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट और सर रतन टाटा ट्रस्ट के ट्रस्टी भी हैं. उनके नेतृत्व में अगस्त, 2010 से नवंबर, 2021 के बीच टाटा इंटरनेशनल 50 करोड़ डॉलर से 3 अरब डॉलर की कंपनी बन चुकी है. इसके अलावा उन्होंने ट्रेंट को 1998 में 1 स्टोर वाली कंपनी से 700 स्टोर वाली कंपनी बनाया है. टाटा संस की मालिक है टाटा ट्रस्टटाटा ट्रस्ट्स देश की सबसे बड़ी दानार्थ संस्था है. इसके अलावा यह 165 अरब डॉलर के टाटा ग्रुप की सबसे बड़ी हिस्सेदार भी है. रतन टाटा ने किसी को अपना उत्तराधिकारी नहीं चुना था इसलिए टाटा ट्रस्ट्स का नया चेयरमैन चुनने की जिम्मेदारी इसके बोर्ड पर आ गई थी. टाटा ट्रस्ट्स के अंदर सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट और सर रतन टाटा ट्रस्ट नाम से दो और ट्रस्ट हैं. इनकी टाटा संस में करीब 52 फीसदी हिस्सेदारी है. टाटा संस के पास टाटा ग्रुप का मालिकाना हक है, जिसका कारोबार नमक से लेकर एयरलाइन तक फैला हुआ है. पारसी समुदाय को मिलेगी खुशी नोएल टाटा को टाटा ट्रस्ट्स की जिम्मेदारी सौंपने का फैसला पारसी समुदाय को भी प्रसन्नता देगा. उन्हें अच्छा लगेगा कि टाटा ग्रुप को बनाने वाली फैमिली के पास ही टाटा ट्रस्ट्स की कमान है. अभी तक इसकी कमान सिर्फ पारसी परिवारों के पास ही रही है. भले ही वो टाटा फैमिली से न हों. नोएल टाटा सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट के 11वें और सर रतन टाटा ट्रस्ट 6वें चेयरमैन होंगे. पिछली बार रतन टाटा ने उन्हें प्रसन्न करने के लिए उनकी जगह उनके साले साइरस मिस्त्री को टाटा संस की कमान दी थी. मगर, रतन टाटा उनके काम करने के तरीकों से नाखुश थे और उन्हें हटाकर एन चंद्रशेखरन को यह जिम्मेदारी सौंप दी थी.

## मुकेश अंबानी और नीता अंबानी ने रतन टाटा को दी अंतिम विदाई, आकाश और श्लोका अंबानी भी पहुंचे



रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी अपनी पत्नी नीता अंबानी, बेटे आक. ाश अंबानी और पुत्रवधू श्लोका अंबानी के साथ टाटा संस के मानद चेयरमैन रतन टाटा को श्रद्धांजलि अर्पित करने एनसीपीए मंबई पहुंचे जहां उनका पार्थिव शरीर आखिरी दर्शन के लिए रखा गया है. पद्म विभूषण सम्मान से सम्मा. नित 86 वर्षीय रतन टाटा का देहांत बुधवार 9 अक्टूबर 2024 को मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में हो गया था जिसके बाद पूरे देश में शोक की लहर दौड़ गई. मुकेश अंबानी ने रतन टाटा के निधन पर कहा, ये भारत और भारतीय उद्योजगत के लिए सबसे बुखद दिन है. रतन टाटा के निधन से टाटा समूह ही नहीं पूरे देश को नुकसान हुआ है. मुकेश अंबानी ने कहा, व्यक्तिगत तौर पर रतन टाटा के निधन ने मुझे दुखों से भर दिया है क्योंकि मैंने अपना परम मित्र खो दिया है. उनके साथ हर मुलाकात ने मुझे प्रेरित और ऊर्जावान बनाया और उनके चरित्र की महानता और उनके मानवीय मूल्यों ने उनके प्रति मेरे सम्मान को और बढ़ाया है. मुकेश अंबानी ने कहा, रतन टाटा एक दूरदर्शी उद्योगपति होने के साथ परोपकारी व्यक्ति थे, जो हमेशा समाज की बेहतरी के लिए जुटे रहते थे. रतन टाटा के निधन से, भारत ने अपने सबसे अच्छे और दयालु बेटे को खो दिया है. मुकेश अंबानी ने कहा, टाटा भारत को पूरी दुनिया में ले गए और दुनिया में जो सबसे बेहतर था उसे भारत लेकर आए. उन्होंने टाटा हाउस को संस्थागत रूप दिया और 1991 में चेयरमैन बनने के बाद टाटा समूह के ग्रोथ में 70 गुना इजाफा देखने को मिला है और टाटा को ग्लोबल एंटरप्राइजेज बना दिया.मुकेश अंबानी ने रिलायंस, नीता और अंबानी परिवार की ओर से टाटा परिवार के शोक संतप्त सदस्यों और पूरे टाटा समूह के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना

**रावण दहन 2024**

**12 अक्टूबर 2024 – शाम 05.45 – रात 08.15**



**दशहरा के दिन लंकापति रावण और उसके भाई कुंभकर्ण और पुत्र मेघनाथ के पुतलों का दहन किया जाता है. पुतलों का दहन सही समय में किया जाए तो ही शुभ माना जाता है. विजयदशमी के दिन इम पुतलों के दहन का शुभ मुहुर्त सूर्यास्त है.**